
# आम बजट 2026: महंगाई से राहत और व्यापार में सुगमता की आस, जानें क्या है सतना की जनता के मन में









सतना। देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आगामी 1 फरवरी को नए वित्त वर्ष का आम बजट पेश करने जा रही हैं। इस बजट को लेकर पूरे देश की तरह मध्य प्रदेश के सतना जिले में भी भारी उत्सुकता देखी जा रही है। शहर के चौराहों से लेकर दुकानों तक,हर जगह बस एक ही चर्चा है'बजट के पिटारे से इस बार क्या निकलेगा?

### गृहणियों की रसोई पर महंगाई का साया

बातचीत के दौरान सतना की महिलाओं और गृहणियों ने बढ़ती महंगाई पर गहरी चिंता जताई। अधिकांश महिलाओं का कहना था कि घरेलू गैस सिलेंडर के दाम आसमान छू रहे हैं,जिससे रसोई का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है। महिलाओं ने मांग की है कि सरकार को रसोई गैस और खाद्य तेलों की कीमतों पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उनका कहना है कि बजट ऐसा हो जो आम गृहणी की थाली को सस्ता बनाए।

### व्यापारियों और युवाओं की मांग

शहर के व्यापारियों ने टैक्स प्रणाली में सरलीकरण और छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने की उम्मीद जताई है। वहीं, युवाओं का ध्यान रोजगार के अवसरों और कौशल विकास योजनाओं पर टिका है। व्यापारी वर्ग ने कहा जीएसटी स्लैब में स्थिरता और व्यापार करने में सुगमता ही हमारी मुख्य मांग है। युवाओं ने कहा स्थानीय स्तर पर तकनीकी शिक्षा और नए स्टार्टअप्स के लिए सरकारी मदद की अपेक्षा कर रहे हैं।

संवाददाता से चर्चा के दौरान एक बात प्रमुखता से उभर कर आई कि बजट का केंद्र बिंदु 'आम आदमी' और 'गरीब तबका' होना चाहिए। लोगों का मानना है कि बुनियादी सुविधाओं जैसे स्वास्थ्य,शिक्षा और आवास को सस्ता और सुलभ बनाया जाना चाहिए ताकि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को भी इसका लाभ मिल सके। कुल मिलाकर,सतना की जनता को उम्मीद है कि यह बजट केवल आंकड़ों का खेल न होकर जनता के जीवन को सुगम बनाने वाला 'लोक-लुभावन' के बजाय 'लोक-कल्याणकारी' बजट साबित होगा।

## खबर संक्षेप

### चित्रकूट में 3 ट्रकों में क्रूरतापूर्वक भरे 61 नग मवेशी जब्त, 03 तस्कर गिरफ्तार

सतना। पुलिस ने घेराबंदी कर तीन टाटा डीसीएम ट्रकों को पकड़ा है,जिनमें 61 भैंस और पड़वा क्रूरता पूर्वक भरकर ले जाए जा रहे थे। मुखबिर की सूचना पर सती अनुसुइया मोड़ पर घेराबंदी 30 जनवरी को सउनि शारदा प्रसाद सोनवंशी को मुखबिर से सूचना मिली कि मझगवां की ओर से तीन ट्रक मवेशियों को लादकर चित्रकूट की तरफ आ रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने सती अनुसुइया मोड़ के पास चेकिंग लगाई। इस दौरान गोदावरी मोड़ की तरफ से आ रहे दो सफेद और एक लाल रंग के टाटा डीसीएम ट्रकों को रोका गया।

**ट्रकों की तलाशी और बरामदगी**

जब पुलिस ने ट्रकों से तिरपाल हटाकर देखा,तो उनके अंदर भैंस और पड़वा ठसाठस भरे हुए थे। रात के अंधेरे के बावजूद पुलिस ने सावधानी बरतते हुए वाहनों को थाने पहुंचाया और मवेशियों की गिनती की। ट्रक क्र. UP70HT 1601: इसमें 20 नग पड़वा पाए गए। ट्रक क्र. UP71 AT 4159: इसमें 08 भैंस, 11 पड़वा और 12 पड़िया (कुल 31 नग) बरामद हुए। ट्रक क्र. UP 96 AT 0014: इसमें 01 भैंस और 09 पड़वा (कुल 10 नग) पाए गए। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नजीमुद्दीन (45 वर्ष), निवासीः बरीपुर,जिला कौशाम्बी (उ.प्र.) बीरन सिंह (30 वर्ष), निवासीः हासिनपुर, जिला फतेहपुर (उ.प्र.) और गणेश चौधरी (30 वर्ष), निवासीः जवाहर नगर, जिला सतना (म.प्र.) है। पुलिस ने तीनों ट्रकों (कीमत लगभग 15 लाख रुपये) और 61 नग मवेशियों (कीमत लगभग 29 लाख रुपये) को जब्त कर लिया है। कुल जब्ती 44 लाख रुपये की आंकी गई है। आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 49/26, 50/26, 51/26 के तहत धारा 11(घ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और 4/6 म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

### शहीद दिवस पर रखा गया दो मिनट का मौन



मैहर। आज शहीद दिवस के मौके पर देश के अमर शहीद की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें शहीद स्मारक पर नमन किया।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यालय में पुष्पांजलि अर्पित



मैहर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर मैहर स्थित कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कांग्रेसजनों ने बापू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके बताए सत्य,अहिसा और सद्भाव के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी ने देश को सत्य और अहिसा की शक्ति से परिचित कराया। उनका जीवन त्याग,संघर्ष और मानवता की सेवा का अद्भुत उदाहरण है। आज के समय में भी बापू के सिद्धांत प्रासंगिक हैं और देश को आगे बढ़ाने का मार्ग दिखाते हैं।

## शासकीय महाविद्यालय मझगवां में 'मद्य निषेध संकल्प दिवस' का आयोजन, युवाओं ने ली नशा मुक्ति की शपथ



सतना। आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) के अवसर पर,शासकीय महाविद्यालय मझगवां में प्रभारी प्राचार्य डॉ.शैल कुमारी अहिरवार के कुशल निर्देशन एवं आतिथ्य में 'मद्य निषेध संकल्प दिवस' अत्यंत गरिमापूर्ण तरीके से मनाया गया।

### श्रद्धांजलि एवं मौन धारण

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के अमर वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। उनके सम्मान में समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं द्वारा दो मिनट का मौन धारण किया गया।

### नशे के विरुद्ध वैचारिक प्रहार

श्रद्धांजलि के पश्चात आयोजित उद्बोधन सत्र में प्रभारी प्राचार्य डॉ. शैल कुमारी अहिरवार ने छात्र-छात्राओं को नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के प्रति सचेत किया। उन्होंने कहा आज हमारी नई पीढ़ी नशे की आदि होकर अपने शारीरिक,मानसिक,सामाजिक,आर्थिक और चारित्रिक पतन की ओर बढ़ रही है। इसके भयावह दुष्परिणाम न केवल व्यक्ति,बल्कि पूरे समाज को खोखला कर रहे हैं। महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों ने भी बारी-बारी से मद्य निषेध के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए और युवाओं को जागरूक किया।

### रैली एवं प्रतियोगिताएं

समाज में बढ़ती नशाखोरी को रोकने और जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ। छात्रों ने नारों के माध्यम से ग्रामीणों और युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। निबंध,पोस्टर-चित्रकला और गीत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया,जिसमें छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संकल्प एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम के समापन पर एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ और विद्यार्थियों ने संकल्प पत्र एवं शपथ पत्र भरा। सभी ने सामूहिक रूप से जीवन में कभी नशा न करने और दूसरों को भी इसके प्रति रोकने की शपथ ली। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ.निशा तिवारी,डॉ.चंद्रप्रभा पांडेय,डॉ.राखी सिंह सोलंकी,डॉ.साधना शर्मा एवं कार्यालय प्रमुख सत्यनारायण भारती व योगेश्वर द्विवेदी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन नोडल अधिकारी एवं क्रीड़ाधिकारी डॉ.हामिद अली द्वारा किया गया।

## विकास की 'चीर-फाड़' के बीच मलबे में दफन होता बचपन



सतना। सतना की सड़कों पर इन दिनों विकास की भारी-भरकम मशीनें गरज रही हैं। स्मार्ट सिटी की दौड़ में शामिल इस शहर के बाजार क्षेत्र में जब कंक्रीट की सड़कों का सीना चीरा जाता है,तो नीचे से सिर्फ निर्माण सामग्री नहीं निकलती,बल्कि निकलता है वह'लोहा' जिसे आधुनिकता की मशीनें अनुपयोगी मानकर छोड़ देती हैं। लेकिन इसी मलबे में शहर की एक खामोश त्रासदी अपने नन्हे हाथों से अपना भविष्य तलाश रही है।

### कलम की जगह कंक्रीट का बोझ

बाजार क्षेत्र की टूटी सड़कों के बीच इन दिनों एक विचलित करने वाला नजारा आम है। गंदी बस्तियों और गहरे अभावों के बीच पले-बढ़े ये नौनिहाल,धूल के गुबार में कंक्रीट के भारी टुकड़ों से जूझते नजर आते हैं। इन मासूमों के लिए यह कोई खेल नहीं,बल्कि पेट की आग बुझाने का संघर्ष है। भारी हथौड़ों और नंगे हाथों से पत्थरों को तोड़कर ये बच्चे वह लोहे की सरिया निकालते हैं,जो कबाड़ के तराजू पर कुछ चंद सिक्कों में तब्दील हो जाती है।

### रोटी का जुगाड़ या भविष्य की खुदाई?

जिस उम्र में इन बच्चों के कंधों पर स्कूल का बस्ता होना चाहिए था, वहां आज लोहे के भारी टुकड़ों का बोझ है। कबाड़ी की दुकान तक पहुँचने वाली ये सरिया इन बच्चों के लिए महज धातु का टुकड़ा नहीं, बल्कि शाम की रोटी का इंतजाम है। धूल से सने चेहरे और फटे कपड़ों में ये 'मलबे के राजकुमार' उस विकास पर सवालिया निशान लगा रहे हैं,जिसकी योजनाएं फाइलों में तो सुनहरी हैं,लेकिन जमीनी हकीकत इन बच्चों के हाथों की दरारों जैसी ही कड़वी है। सवाल यह है कि क्या विकास का यह पहिया इन मासूमों को कुचलता हुआ आगे बढ़ जाएगा? क्या प्रशासन की नींद तब खुलेगी जब इन सड़कों के साथ-साथ इन बच्चों का भविष्य भी पूरी तरह दफन हो चुका होगा?

## महापौर ने ली राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक: कर वसूली में तेजी और पारदर्शिता लाने के निर्देश



सतना। नगर निगम महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने आज निगम कार्यालय में संपत्तिकर एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर निगम की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करना और नागरिक सेवाओं को अधिक बेहतर बनाना था। बैठक में डिप्टी कमिश्नर सत्यम मिश्रा सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। चर्चा के दौरान महापौर ने वर्तमान में हो रही संपत्तिकर व राजस्व वसूली की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कर वसूली की प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए और कार्यप्रणाली को इस तरह प्रभावी बनाया जाए कि नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। महापौर ने कहा कि राजस्व संबंधी लंबित कार्यों में गति लाई जाए और डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर सेवाओं को सरल व सुगम बनाया जाए। उन्होंने दोहराया कि नगर के समग्र विकास के लिए एक मजबूत राजस्व व्यवस्था अनिवार्य है और नगर निगम इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## मझगवां में शासकीय प्राथमिक शाला मलगौशा में शिक्षकों की मनमानी, समय से पहले स्कूल में लटका ताला



सतना। शिक्षा विभाग के दावों की हवा निकालते हुए मझगवां विकासखंड के अंतर्गत आने वाली शासकीय प्राथमिक शाला मलगौशा से लापरवाही की एक बड़ी तस्वीर सामने आई है। यहाँ पदस्थ शिक्षकों की मनमानी इस कदर बढ़ गई है कि उन्होंने नियत समय से पहले ही स्कूल में ताला जड़ दिया और बच्चों की छुट्टी कर अपने घरों को रवाना हो गए।

### ग्रामीणों में आक्रोश, पढ़ाई भगवान भरोसे

स्थानीय ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए बताया कि स्कूल खुलने और बंद होने का कोई निश्चित समय नहीं रह गया है। आज तो हद ही हो गई जब शिक्षकों ने अपनी सुविधा के अनुसार बीच दोपहर में ही स्कूल बंद कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार शिक्षक अपनी मर्जी से स्कूल आते और जाते हैं। आज बिना किसी आधिकारिक आदेश के,शिक्षकों ने खुद ही छुट्टी घोषित कर दी। जब ग्रामीण स्कूल पहुंचे,तो वहां गेट पर ताला लटक रहा था और सभी शिक्षक जा चुके थे।

### व्यवस्था पर उठते सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ सरकार 'पढ़ेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया' जैसे नारे दे रही है, वहीं दूसरी ओर दुर्गम क्षेत्रों के इन स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति केवल कागजों तक सीमित है। मलगौशा स्कूल में समय से पहले ताला लटकना यह दर्शाता है कि जिम्मेदारों को उच्च अधिकारियों का कोई खौफ नहीं है। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। अगर शिक्षक ही समय का पालन नहीं करेंगे,तो बच्चे क्या सीखेंगे? हम इस मामले की शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों से करेंगे।

**स्थानीय ग्रामीण**

## छेड़छाड़ और मारपीट के आरोपी भाजपा मंडल अध्यक्ष का इस्तीफा, एफआईआर के बाद भी गिरफ्तारी न होने पर आक्रोश



सतना। नागौद क्षेत्र में एक ब्यूटीशियन और उसकी माँ के साथ छेड़छाड़ व मारपीट के गंभीर आरोपों में घिरे भाजपा मंडल अध्यक्ष पुलकित टंडन ने आखिरकार अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। भाजपा जिला महामंत्री द्वारा जारी 'कारण बताओ नोटिस' और बढ़ते राजनीतिक दबाव के बाद यह कदम उठाया गया है। हालांकि,घटना के दो दिन बाद और एफ आई आर दर्ज होने के बावजूद आरोपी की गिरफ्तारी न होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आपको बता दें कि बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था,जिसने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी। वीडियो में आरोपी पुलकित टंडन अपनी ही गोदाम में एक युवती (ब्यूटीशियन) और उसके बाद उसकी माँ के साथ बर्बरतापूर्वक मारपीट करता दिखाई दे रहा है।आरोप है कि जब पीड़िताओं ने विरोध किया,तो आरोपी ने उनका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया ताकि घटना का कोई डिजिटल प्रमाण न रहे। वीडियो वायरल होने और भारी विरोध के बाद नागौद थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले में सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि पुलिस अब तक आरोपी को सलाखों के पीछे नहीं भेज सकी है।

## 'कजरौटा' कार्यक्रम में उमड़ी लोक संस्कृति की छटा



सतना। व्यंकटेश लोक में आकार वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित 'कजरौटा' कार्यक्रम में भारतीय कला,साहित्य और परंपराओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस सांस्कृतिक महोत्सव में महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने विशेष रूप से शिरकत की। कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय कला महोत्सव ने क्षेत्रीय परंपराओं को एक नई पहचान और ऊर्जा प्रदान करने का सराहनीय प्रयास किया। इस अवसर पर सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा,वरिष्ठ समाजसेवी मणिकांत माहेश्वरी,श्रीमती नमामि सोनकिया और कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती अनामिका सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। महापौर ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि लोक कला और संगीत से सजे ऐसे कार्यक्रम न केवल हमारी गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखते हैं,बल्कि समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का भी कार्य करते हैं। आयोजन में प्रस्तुत की गई विभिन्न कलाकृतियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया,जिससे शहर का वातावरण कलामय और उत्साहपूर्ण बना रहा।

## लालता चौक में बिना लाइसेंस दूध की पैकेजिंग कर रही डेयरी पर छापा,मशीन और स्टॉक जब्त

सतना। कलेक्टर सतीश कुमार एस. के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार सुबह 8:30 बजे से शुरू हुई इस औचक कार्रवाई ने शहर के डेयरी संचालकों में हड़कंप मचा दिया।

### विजय डेयरी फार्म पर बड़ी अनियमितता, मशीन सीज

जांच टीम जब लालता चौक स्थित विजय डेयरी फार्म पहुँची,तो वहां नियमों की जमकर धज्जियां उड़ती मिलीं। बिना किसी वैध लाइसेंस और आवश्यक दस्तावेजों के वहां दूध की पैकेजिंग का काम धड़ल्ले से चल रहा था। स्टॉक जब्ती, पैकेजिंग किया हुआ 75 पैकेट दूध तुरंत जब्त किया गया। दूध पैक करने वाली मशीन को विभाग ने अपने कब्जे में लेकर सीज कर दिया। डेयरी से दूध,पनीर,खोआ और घी सहित कुल 6 खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए। परिसर में गंदगी और अधूरे दस्तावेजों के कारण संचालक को 'कारण बताओ नोटिस' थमाया गया है।

### ज्ञान डेयरी पर भी गिरी गाज

इससे पहले टीम ने गौशाला चौक स्थित ज्ञान डेयरी का भी निरीक्षण किया। यहाँ भी मौके पर संचालन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे,जिसके चलते संचालक को नोटिस जारी कर दूध का नमूना लिया गया।

### सख्त कार्रवाई की चेतावनी

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी है कि मानकों के विपरीत काम करने वाले कारोबारियों को बख्शा नहीं जाएगा। सभी नमूनों को परीक्षण के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

खबर संक्षेप

## पवई जनपद अध्यक्ष की दरियादिली, आर्थिक सहायता कर कराया जनपद सदस्य का इलाज



**पवई।** पवई जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोहनी आनंद मिश्रा हमेशा ही क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए सामाजिक कार्यों के लिए एक अपनी अलग पहचान बनाई है।ऐसा ही एक कार्य जिससे उनकी दरियादिली और मानवता की सच्ची तस्वीर निकल कर सामने आती हैं। बता दें कि जनपद पंचायत पवई के वार्ड क्रमांक 4 के सदस्य लबरुआ चौधरी पिता भगि रथिया चौधरी उम्र 46 वर्ष जो मुंह के कैंसर जैसी प्राणघातक बीमारी से पीड़ति था, जिसका लुधियाना पंजाब के डीएमसी अस्पताल में इलाज हुआ , इस इलाज के लिए जनपद अध्यक्ष के द्वारा स्वयं के व्यय से उसे आर्थिक सहायता देते हुए मानवता की मिसाल पेश की । स्वस्थ होकर अध्यक्ष से जनपद पंचायत में आकर सदस्य ने उनका धन्यवाद किया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई में मनाया गया मौन दिवस, शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



**पवई।** मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई में मौन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः 11 बजे समस्त अधिकारी-कर्मचारियों एवं उपस्थित नागरिकों ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर में पर खड़े होकर मौन धारण किया। स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सायरन के माध्यम से मौन की शुरुआत और समापन का संकेत दिया गया। प्रबंधन द्वारा सभी से इस दिवस को पूर्ण गरिमा एवं अनुशासन के साथ मनाने की अपील की गई। उपस्थित जनों ने शहीदों के बलिदान को स्मरण करते हुए देश की एकता, अखंडता और शांति बनाए रखने का संकल्प लिया।

## सिरी मंडल में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन



**अमानगंज** – विदित हो कि वर्तमान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष चल रहा है जिसके तहत इस पूरे वर्ष में कई कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी के एक चरण में वर्तमान में हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। खंड के सिरी मंडल में विशाल हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे सबसे पहले भूमि पूजन उसके बाद गऊ पूजन और कन्या पूजन एवं भारत माता का पूजन का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संत समाज से पंडित रामनरेश दुवेदी जी एवं संघ के मुख्य वक्ता उमाकांत जी और मातृशक्ति श्रीमती राधा दुबेदी जी। और कार्यक्रम के संयोजक इंदर सिंह जी सह खंड कार्यवाह शिवाकांत जी, मंडल पालक रविकांत जी सोनी एवं समस्त हिंदु समाज मौजूद रहा।

### जिले की 11 चोरियों सहित आरोपियों द्वारा सतना, कटनी में मंदिर व सूने घरों में की गई कुल 19 चोरियों का खुलासा

# पन्ना जिला सहित आसपास के जिलों में मंदिरों व सूने घरों में चोरी कर दहशत फैलाने वाले कुख्यात गिरोह का पर्दाफाश, 7 शातिर गिरफ्तार







**जमानत पर रिहा होते ही पुनः सक्रिय हुआ कुख्यात गिरोह, आरोपी पूर्व में पन्ना शहर की बड़ी लूट एवं चोरी की घटनाओं में जेल भेजे जा चुके हैं**

**आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 6 कटर, 4 मोटर साइकिल, 8 मोबाइल कुल कीमती करीब 4 लाख 95 हजार रूपये के जप्त**

**आरोपियों कब्जे से चोरी किया गया मशरुका कीमती करीब 30 लाख रुपये के सोना-चांदी के आभूषण, छत्र व भगवान के गहने बरामद**

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न मंदिरों से सोने-चाँदी के छत्र एवं बहुमूल्य आभूषणों की चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण किया गया है। मामले में पन्ना पुलिस ने शातिर चोरों के एक गिरोह को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार आरोपी अत्यंत शातिर प्रवृत्ति के हैं, जो पूर्व में भी कई गंभीर आपराधिक प्रकरणों में संलिप्त रह चुके हैं तथा जेल जा चुके हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के पश्चात की गई पूँछताछ में पन्ना जिले सहित अन्य जिलों में घटित मंदिर चोरी सहित अन्य कई वारदातों का खुलासा हुआ है। विगत दिनों जिले के विभिन्न धार्मिक स्थलों (मंदिरों) से सोने-चांदी के छत्र एवं अन्य बहुमूल्य आभूषणों की चोरी की घटनाएँ घटित होने से आमजन की धार्मिक आस्था को गहरी ठेस पहुँची थी। मंदिर चोरी की घटनाओं को पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा अत्यंत गंभीरता से संज्ञान में लिया गया । प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उपनिरीक्षक संतोष यादव एवं उपनिरीक्षक बलबीर सिंह के नेतृत्व में थाना देवेन्द्रनगर एवं थाना सलेहा की संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया । गठित टीम को अज्ञात आरोपियों की शीघ्र पतारसी एवं गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। मामले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार गठित पुलिस टीम द्वारा अज्ञात आरोपियों की तलाश पतारसी हेतु लगातार प्रयास किये गये। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सी सी टी व्ही फुटेज एकत्रित कर संदेहियो को चिन्हित किया गया, साथ ही चिन्हित व्यक्तियों की पतारसी हेतु आमजन से लगातार संपर्क स्थापित किया जाकर अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरूप पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर मामले के 07 संदेही व्यक्तियों को पटेल ढाबा देवेन्द्रनगर से पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई। पूँछताछ पर संदेहियों द्वारा अपने-अपने नाम पता पुलिस टीम को बताये गये। पुलिस टीम द्वारा मन्दिर में की गई चोरियों एवं अन्य चोरियों के संबंध में कड़ाई से पूँछताछ किये जाने पर आरोपियों द्वारा निम्न प्रकरणों में चोरी की वारदात कारित किया जाना स्वीकार किया है।

**जिला पन्ना में की गई चोरियों का विवरण -**

1. अप.क्र. 556/25 थाना देवेन्द्रनगर (राजा दहार मन्दिर मे चोरी) 2. अप.क्र. 526/25 थाना पवई ( जगदीश स्वामी मन्दिर चोरी ) 3. अप.क्र. 07/26 थाना देवेन्द्रनगर (श्री हनुमान मन्दिर ककरहा चोरी ) 4. अप.क्र. 22/26 थाना रैपुरा ( चमरैया मन्दिर चोरी ) 5. अप.क्र. 19/26 थाना सलेहा ( ग्राम भितरी मुटमुरू रहवासी घर में चोरी) 6. अप.क्र. 654/25 थाना अमानगंज ( अमानगंज वार्ड नम्बर 09 रहवासी घर में चोरी ) 7. अप.क्र. 565/25 थाना देवेन्द्रनगर (इण्डेन गैस एजेन्सी में चोरी) 8. अप.क्र. 14/26 थाना सलेहा (ग्राम गंज रहवासी घर में चोरी ) 9. अप.क्र. 39/25 थाना शाहनगर (खेरे पेटेरे मन्दिर चोरी ) 10. अप.क्र. 297/25 थाना सलेहा (ग्राम पटना तमोली रहायसी घर में चोरी ) 11. अप.क्र. 341/25 थाना देवेन्द्रनगर ( कस्बा देवेन्द्रनगर में गल्ला दुकान में चोरी) जिला कटनी में की गई चोरियों का विवरण - 12. अप.क्र. 15/26 थाना रंगनाथ नगर ( ग्राम झर्रा टिकुरिया में चोरी ) 13. अप.क्र. 32/26 थाना कुठला (हनुमान जी मन्दिर में चोरी ) 14. अप.क्र. 30/26 थाना कोतवाली कटनी ( हनुमान जी मन्दिर बाबा घाट में चोरी) जिला सतना में की गई चोरियों का विवरण - 15. अप.क्र. 100/26 थाना कोतवाली सतना ( खेरमाई माता मन्दिर में चोरी ) 16. अप.क्र. 73/26 थाना कोतवाली सतना (जगतदेव तालाव शिव मन्दिर में चोरी) 17. अप.क्र. 895/25 थाना सिविल लाइन सतना ( हनुमान मन्दिर पतेरी में चोरी) 18. अप.क्र. 437/25 थाना उचेहरा ( ग्राम इटमा रहायसी घर में चोरी ) 19. अप.क्र. 110/26 थाना कोतवाली सतना ( रेलवे कॉलोनी दुर्गा मन्दिर में चोरी) पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से मन्दिर एवं घरो से की गई सोने-चाँदी की चोरी के संबंध में पूँछताछ किये जाने पर आरोपियों द्वारा बताया गया कि हम लोगो ने चोरी किये सोने चाँदी के आभूषणो में से 2.5 किलो चाँदी गला दी है जो आरोपी सोनी के पास से पुलिस ने उक्त कच्ची चाँदी को जप्त करके आरोपियों के बताये अनुसार आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एवं चोरी की गई 04 मोटर साइकिल, 06 कटर, नगदी 2 लाख 58 हजार 200 रूपये नगद, सोने चाँदी के छत्र एवं जेवरात वजनी करीब 2.5 किलो कुल मशरूका कीमती करीब 30 लाख रूपये का जप्त किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है । पूँछताछ में यह भी संकेत मिले हैं कि गिरोह द्वारा अन्य जिलों में भी इसी प्रकार की घटनाओं को अंजाम दिया गया है, जिनके संबंध में विस्तृत पूँछताछ जारी है। पूँछताछ के दौरान और भी महत्वपूर्ण खुलासे होने की प्रबल संभावना है ।

**गिरफ्तार आरोपी -**

1. हृदेश उर्फ हिरदेश लखेरा पिता श्री रामलाल लखेरा उम्र 27 साल निवासी ग्राम बंधूर थाना सलेहा जिला पन्ना (म.प्र.), 2 शैलेन्द्र चौबे पिता रामचरण चौबे उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम फुलदरी थाना देवेन्द्रनगर जिला पन्ना (म.प्र.) 3. बीरेन्द्र चौबे उर्फ बीरू पिता रामचरण चौबे उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम फुलदरी थाना देवेन्द्रनगर जिला पन्ना (म.प्र.) 4. धीरेन्द्र चौबे उर्फ बीरू पिता रामचरण चौबे उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम फुलदरी थाना देवेन्द्रनगर जिला पन्ना (म.प्र.) 5. विष्णुकांत सोनी पिता श्री हजारीलाल सोनी उम्र 31 साल निवासी ग्राम गंज थाना सलेहा जिला पन्ना (म.प्र.) 6. कुन्जीलाल चौधरी पिता मिहीलाल चौधरी उम्र 29 वर्ष निवासी बिरसिंहपुर थाना पवई जिला पन्ना (म.प्र.)7. सुरेन्द्र सोनी पिता चन्द्रिका प्रसाद सोनी उम्र 30 वर्ष निवासी इटांय थाना पवई जिला पन्ना (म.प्र.) जप्त सामग्री - पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से निम्नस मशरूका जप्त किया गया है - 1. चोरी किये गये सोने चाँदी के आभूषण, छत्र, मुकुट, बर्तन (चाँदी के ग्लास, कटोरी, चम्मच, प्लेट), बिछिया, पायल, चेन एवं अन्य चाँदी के जेवरात सामग्री वजनी करीब 2.5 किलो 2. चोरी किये गये आभूषणों से गली हुई कच्ची चाँदी वजनी करीब 2.5 किलो 3. घटना प्रयुक्त चोरी की गई 03 मोटरसाइकिल (अपाचे, पल्सर, हीरो ) 4. घटना में प्रयुक्त प्लेटिना मोटर साइकिल 5. घटना में प्रयुक्त 06 कटर (05 हैवी ड्युटी बोल्ट कटर/मैनुअली बोल्ट कटर, 01 ग्लास कटर) 6. आरोपियों द्वारा प्रयोग किये जा रहे 08 मोबाइल 7. नगदी 2 लाख 58 हजार 200 रूपयेकुल मशरूका कीमती करीब 30 लाख रूपये का जप्त किया गया है।

**सराहनीय योगदान -**

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उनि संतोष यादव, थाना प्रभारी सलेहा उनि बलबीर सिंह, चौकी प्रभारी ककरहटी उनि सोनम शर्मा, सउनि भैयामन सिंह, प्र.आर. धीरेन्द्र सिंह, शंकर प्रताप सिंह बुन्देला, लक्ष्मी यादव, शिवस्वरूप तिवारी, अशोक बागरी, बीरनायारण सिंह, सतेन्द्र बागरी, आदित्य कुशवाहा, राजीव मिश्रा, विपिन पाण्डेय, गोविन्द सिंह जादौन, रियाज मोहम्मद, हरीराम वर्मा आर. बृजेन्द्र रैकवार, भूरी सिंह, अमित, रोहित, दिनेश सोलंकी, राकेश पटेल एवं पुलिस सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा है । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

## पन्ना टाईगर रिजर्व गेट के अन्दर तीन जिप्सियां फर्जी पास के जरिये इन्ट्री के दौरान चैकिंग में धरे जाने का मामला चर्चा में




**पन्ना।** टाईगर रिजर्व जो कि नियमों व मापदण्ड को लेकर सदैव जो जाना जाता था सवालों के घेरे में प्रबंधन के जिम्मेदार सूत्रों की माने तो गेट में वन रक्षक की जिम्मेदारी निर्वाहन करने वाले पर कार्यवाही निलबंन की तय हुई है वहीं सात दिन के लिए जिप्सियों को वैन किया गया है। आखिर किसकी जिप्सी यह प्रयास जो किया गया अपने आप में चर्चा का विषय है।

पन्ना। पन्ना टाईगर रिजर्व जोकि बेहद ही संवेदनषील क्षेत्र माना जाता हैं जहां पर्यटकों को टाईगर रिजर्व के अन्दर घुमाने के लिए मड़ला गेट से जो जिप्सियां ले जाती है उन्हें गेट में गेट पास के रूप में प्रदान करते हुए वहीं चैक करने के बाद टाईगर रिजर्व के अंदर पर्यटकों को ले जाने की दिषा तय होती हैं पर 25 जनवरी 2026 को जहां तीन जिप्सियां जो इन्ट्री लेते वक्त चैकिंग के दौरान धरी गई है वहीं इन जिप्सियो के प्रवेष को लेकर जो गेटपास जारी होती है उसको लेकर फर्जी करार बताया जा रहा है। यहां टाईगर रिजर्व प्रबंधन जिनकी जिम्मेदारी नीचे से वीट गार्ड से लेकर जहां क्षेत्र संचालक तक महती भूमिका को लेकर जाना जाता है। बेहद संवेदनषील क्षेत्र जहां टाईगर की सुरक्षा से जुड़ा सवाल होता हैं वहीं टाईगर रिजर्व के अंदर फर्जी पास कैसे जारी किये गये। और किसने जारी किया। जो बड़ा सवाल है। वहीं जिम्मेदार अधिकारियों ने अपने दायित्वों का निर्वाहन करते हुए प्रथम दृष्टया जो कहीं न कहीं वन रक्षक की भूमिका यानि की जिसको दोषी मानते हुए निलबंन की कार्यवाही जरूर की गई है। वहीं सहायक संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व को जांच कमेटी का प्रमुख बनाया गया है। अब इनकी जांच कितने दिनों के बाद पारदर्षिता के साथ सामने आयेगी कौन-कौन लोग फर्जी पास में भूमिका निर्वाहन को लेकर जाने जायेगें यह तो आने वाला वक्त ही तय करेगा फिलहाल मामला जांच को लेकर उप संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व के द्वारा बयां किया जा रहा है। गौरतलब बात यह है कि पन्ना टाईगर रिजर्व जोकि सुरक्षा मापदण्ड को लेकर जहां निष्चिततौर पर जिम्मेदारी के निर्वाहन को लेकर सख्त दायित्व माने जाते है। पर यह मामला अपने आप में जहां पूरे विभाग को झकझोर देने वाली दास्ता चर्चा में है। क्योंकि तीन जिप्सियां फर्जी पास को लेकर इन्ट्री करने वक्त चैकिंग के दौरान धरे जाने का मामला बताया जा रहा है। इसके पहले कितनी बार ऐसी दास्तायें निर्मित हो गई होगी आखिर कहां से गेट पास फर्जी बनाया गया किसकी भूमिका है यह एक बड़ा संवेदनषील मामला कहीं न कहीं जो अपने आप में चर्चा में है क्योंकि पन्ना टाईगर रिजर्व जोकि टाईगर की सुरक्षा से ही जुड़ा सवाल है। वहीं पर्यटकों का भरोसा जो कहीं न कहीं प्रबंधन के ऊपर प्रमुख होता है। कई तरह के सवाल जहां इस घटना से जुड़ रहे हैं वहीं इस जांच कमेटी के द्वारा किन-किन लोगों को दोषी माना जाता है और यह खेल कब से चल रहा था यह भी कहीं न कहीं अब कयासों में चर्चा को लेकर है। वहीं यह वह पन्ना टाईगर रिजर्व है जहां तत्कालीन क्षेत्र संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व श्री आर निवास मूर्ति की कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा में रहता था इस सड़क से गुजरने वाले प्रमुख मार्ग मड़ला घाटी में कई बार बंदरों को खाना डालने वालों के ऊपर कार्यवाही होती थी वहीं मछलियां पकड़ते वक्त लोग मुख्य सड़क के किनारे बहते हुए पानी के पास से भी धरे गये आज हालात में बदलाव नियमों का पालन व सिथिलता को लेकर कैसे चर्चा में है जहां फर्जी गेट पास के जरिये तीन-तीन जिप्सियां इन्ट्री के वक्त जो धरी गई है आखिर विभाग के लिए निष्चितौर पर यह बड़ा प्रष्न चिन्ह है ही। क्योंकि इस तरह की भूमिका अगर जिम्मेदारों के द्वारा निर्वाहन की जाती है तो फिर टाईगर रिजर्व को लेकर बनाये गये नियम वहीं टाईगर की सुरक्षा को लेकर कितनी सर्तकता व जिम्मेदारी मानी जाये जहां इस तरह के हालात चर्चा में है।

## कांग्रेस ने महात्मा गांधी की मनाई पुण्यतिथि, मनरेगा का समर्थन पंचायत कमेटी गठन की हुई शुरुआत



**अमानगंज।** प्रदेश व जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के दिशानिर्देशन पर दिनांक 30 जनवरी 2026 को अमानगंज ब्लाक कांग्रेस द्वारा नगर अमानगंज के गांधी चौक पहुंचकर पूज्य राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांसुमन अर्पित किए गए एवं ब्लॉक अमानगंज अंतर्गत मंडलम कमताना के सेक्टर ग्राम पंचायत हिनौती में पूज्य राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के पुण्यतिथि के अवसर में मनरेगा योजना के समर्थन में एक दिवसीय चर्चा व धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी गठन की गई, कार्यक्रम की शुरुआत में पूज्य राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के छायाचित्र पर तिलक रोली, पुष्प अर्पित कर उनके श्रद्धांसुमन अर्पित किए गए, मनरेगा योजना के समर्थन में कांग्रेस के अनेक वक्ताओं द्वारा अपने विचार प्रकट किए गए हिनौती ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी के गठन के लिए सभी ने अपने-अपने विचार रखें। जिसमें सर्वसम्मति से बुद्ध सिंह सोलंकी जी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया, किसान प्रतिनिधि के रूप में गंभीर सिंह राजपूत एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रतिनिधि के रूप में ओमप्रकाश विश्वकर्मा को नियुक्त किया गया कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ कांग्रेस जनों का सम्मान किया गया एवं ठ.स.।2 को भी सम्मानित किया गया ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष सौरभ दुबे द्वारा आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं को सूचित किया गया ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत का गठन प्रत्येक पंचायत पर कांग्रेस कमेटी करेगी जिससे कांग्रेस पार्टी और अधिक मजबूती से कम कर सकेगी मनरेगा योजना में नाम ही नहीं अपितु बहुत से बदलाव हुए हैं जिससे कहीं ना कहीं मजदूरों के अधिकारों का हनन सरकार ने किया है। उक्त कार्यक्रम मंडलम अध्यक्ष रावेन्द्र पांडेय व सेक्टर अध्यक्ष धीरेन्द्र गर्ग के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमानगंज के अध्यक्ष व न.प. उपाध्यक्ष सौरभ दुबे, ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भभूत सिंह राजपूत, नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष हक्कुन दहायत, वरिष्ठ नेता शंकर श्रीवास्तव,भूपेंद्र बुंदेला, मंडलम अध्यक्ष रविंद्र पांडे,मुकेश द्विवेदी,दिनेश पांडेय,जवाहर पटेल, आशीष द्विवेदी, वासिम खान, नीरज खरे, प्रमोद तिवारी,संदीप तिवारी, प्रमोद वर्मा, पीयूष देव परमार, धीरेन्द्र नामदेव, धीरेन्द्र गर्ग, विद्याचरण पाठक,गंभीर सिंह राजपूत, बुद्ध सिंह राजपूत, भवानी सिंह राजपूत, सजल ताम्रकार, मंगल सिंह बुंदेला,अंगद सिंह राजपूत, नरेंद्र सोनी,कन्हैया लाल ताम्रकार, प्रहलाद तिवारी, अभिषेक दुबे, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, गिरधारी कोरी, कलुआ चौधरी,सलमान खान, आदि आदि कार्यकर्ता उपस्थिति रहें।




## मद्य निषेध संकल्प दिवस, जिला स्तरीय सेमिनार सह कार्यशाला सम्पन्न

**पन्ना।** मद्य निषेध संकल्प दिवस के उपलक्ष्य में अंतिम दिवस 30 जनवरी 2026 को जिला पंचायत के अध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त श्रीमती मीना राज्य परमार कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रही कार्यक्रम के अध्यक्षता पीएम श्री स्नातकोत्तर छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना के चतुर्वेदी साहब द्वारा की गई विशिष्ट अतिथियों में उपसंचालक पंचायत अशोक चतुर्वेदी एवं हमारे नेहरू युवा केंद्र की प्रभारी अधिकारी एवं राज नारायण सिंह सेवानिवृत्ति निर्वाचन पर्यवेक्षक जयपाल सिंह परमार सेवानिवृत्ति डेवलपमेंट ऑफिसर सपब पन्ना की उपस्थिति रही और आपकी उपस्थिति में एग्रीकल्चर कॉलेज पन्ना एवं पीएम श्री स्नातकोत्तर छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना के द्वारा प्रस्तुतियां मंच पर दी गई जो मध्य निषेध का स्पष्ट संदेश देती है जिसकी बहुत प्रशंसा की गई जिसमें प्रथम स्थान एग्रीकल्चर कॉलेज पन्ना को और द्वितीय स्थान पीएम श्री स्नातकोत्तर छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना को प्राप्त हुआ।

## अतिक्रमण के विरुद्ध दक्षिण पन्ना वन विभाग द्वारा एक ही दिन में दो बड़ी कार्यवाही

### लगभग 5 एकड़ वन भूमि अतिक्रमण से मुक्त



**पन्ना।** दक्षिण पन्ना वनमंडल के पवई वन परिक्षेत्र अंतर्गत आज अतिक्रमण के विरुद्ध दो अलग अलग स्थानों पर प्रभावी कार्यवाही की गई। इस दौरान वन क्षेत्र की लगभग 5 एकड़ शासकीय वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराते हुए अतिक्रमण रोधी खंती खुदाई की गई। बीट मझगांव क्षेत्र में की गई कार्यवाही में वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल के नेतृत्व में परिक्षेत्र सहायक महबूब खान, ममता सिंह, वनरक्षक गजेंद्र सिंह, केशव सिंह, केदार विश्वकर्मा, पुष्पेंद्र पाल, सचिन राठौरिया, पारुल पटेल, अशोक बागरी एवं मनीष यादव सक्रिय रूप से शामिल रहे। वहीं दूसरी ओर मगरपुरा क्षेत्र में अतिक्रमित वन भूमि को मुक्त कराने की कार्यवाही परिक्षेत्र सहायक भारती कुमार तथा वनरक्षक महेंद्र पटेल, विनय सिंह, शिवम पांडे एवं प्रकाश सिंह द्वारा की गई। वन विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। वन संसाधनों की सुरक्षा एवं जैव विविधता संरक्षण के उद्देश्य से ऐसी कार्यवाहियां आगे भी निरंतर जारी रहेंगी।

## खबर संक्षेप



### एसपी कार्यालय के सामने नहीं बने ब्रेकर रोज हो रहे हादसे

**छतरपुर।** सागर नेशनल हाईवे पर स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के ठीक सामने सड़क पर स्पीड ब्रेकर न होने के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही के चलते यह इलाका दुर्घटनाओं का प्रमुख केंद्र बन गया है। एसपी कार्यालय में आने-जाने वाले फरियादी, पुलिस कर्मचारी, स्कूल-कॉलेज के छात्र और आम नागरिक सड़क पार करते समय अपनी जान जोखिम में डालने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस मार्ग से प्रतिदिन छोटे बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग और अन्य राहगीर गुजरते हैं, लेकिन बिना ब्रेकर के तेज गति से दौड़ते वाहन उन्हें खतरे में डाल देते हैं। कई बार गंभीर हादसे हो चुके हैं, जिनमें चोटिल होने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसके बावजूद सड़क निर्माण विभाग या संबंधित अधिकारियों द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया है कि सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक स्पीड ब्रेकर और चेतावनी बोर्ड नहीं लगाए गए हैं, जिससे वाहन चालक मनमानी रफ्तार से वाहन चलाते हैं। लोगों ने इस समस्या को लेकर जिला कलेक्टर से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही ब्रेकर लगाकर और उचित संकेतक स्थापित नहीं किए गए, तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभागों पर होगी।

### एनसीएल में मनाया जा रहा 'कोयला गुणवत्ता जागरूकता पखवाड़ा 2025–26'



**सिंगरौली।** स्थित भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में 'कोयला गुणवत्ता जागरूकता पखवाड़ा 2025–26' मनाया जा रहा है। 19 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित इस पखवाड़े के अंतर्गत कंपनी में वृहद स्तर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में निरीक्षण दल द्वारा एनसीएल की विभिन्न परियोजनाओं में सैंपल प्रिपरेशन यूनिट, प्रयोगशाला, सैंपल विश्लेषण प्रक्रिया तथा लोडिंग प्वाइंट्स, सीएचपी यूनिट, एएमएस, कोलयार्ड, साइडिंग एवं आरएलएस का जायजा लिया। साथ ही निरीक्षण के दौरान कोयला गुणवत्ता से जुड़ी प्रक्रियाओं की बारीकी से समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अलावा इस पखवाड़े के तहत खड़िया एवं दूधीचुआ परियोजना द्वारा 'गुणवत्ता जागरूकता सत्र' का आयोजन किया गया जिसमें सैंपल कलेक्शन प्रक्रिया और सैंपल्स तैयार करना एवं कोयले की सही गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी बारीकियों पर चर्चा की गयी। साथ ही 'गुणवत्ता पर उत्कृष्ट संवाद' देने हेतु कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया जा रहा है।

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत कागजों में हुए किसानों के प्रशिक्षण का भ्रष्टाचार खंगाल रही भोपाल से आई 4 सदस्यीय

**छतरपुर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत जिले में पिछले 7-8 सालों में किसानों को प्रशिक्षण देने के नाम पर फर्जीवाड़ा किया गया। और इन प्रशिक्षणों के नाम पर लाखों का वारा न्यारा कर लिया गया। शिकायत मिलने पर संचालक कृषि भोपाल द्वारा इस फर्जीवाड़े की जांच के लिए आनन फानन में 4 सदस्यीय टीम गठित की गई और यह टीम दो दिनों से छतरपुर जिले में डेरा डाले हुए है। टीम द्वारा इस बात की जांच की जा रही है कि पिछले 7-8 सालों में कृषि विभाग छतरपुर द्वारा उक्त प्रशिक्षण के नाम पर कितना फर्जीवाड़ा किया है। टीम के दो सदस्यों जिसमें टीम लीडर डी.एल. कोरी संयुक्त संचालक कृषि भोपाल, श्रीमती रश्मि वर्जित कृषि उपसंचालक भोपाल, श्रीमती अनन्ता दिवान सहायक संचालक कृषि भोपाल, अंकित रावत सहायक संचालक कृषि सागर शामिल हैं। यह टीम 29 जनवरी को छतरपुर आ गई थी और उसी दिन से टीम द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है। टीम के दो सदस्यों डी.एल. कोरी और अंकित रावत ने आज कृषि उपसंचालक कार्यालय का रिकॉर्ड तलब किया और प्रशिक्षण से संबंधित एक-एक बिल वाउचर की फोटोकॉपी कराकर अपने कब्जे में लिया। लेखा शाखा जाकर भी टीम के इन दोनों सदस्यों ने दस्तावेजों की जांच पड़ताल की और उनकी फोटोकॉपी अपने पास रख ली। जांच दल अध्यक्ष डी.एल. कोरी का कहना है कि जो दस्तावेज प्रशिक्षण से संबंधित हमने जप्त किये हैं उन दस्तावेजों के आधार पर किसानों से जाकर फील्ड में सत्यापित करेंगे। इन दो सदस्यों के अलावा जांच टीम में शामिल दो महिला सदस्य श्रीमती रश्मि वर्जित कृषि उपसंचालक भोपाल, श्रीमती अनन्ता दिवान सहायक संचालक कृषि भोपाल ने बड़ामलहरा और बकस्वाहा क्षेत्र पहुंचकर किसानों से पूंछतांछ कर जांच पड़ताल की। जिले के सभी विकास खण्डों में जाकर रिकॉर्ड का सत्यापन करेंगे। अभी जांच में उन्हें दो तीन दिन का समय लगेगा। जांच पूरी होने पर जांच प्रतिवेदन संचालक कृषि भोपाल को सौंपा जायेगा।

**वर्ष 2025-26 में 90 प्रशिक्षण का लक्ष्य हुए एक भी नहीं, सभी फर्जी बिल मार्च के महीने में लगाए जाने थे -**

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में छतरपुर जिले को 90 प्रशिक्षण जिसमें एक प्रशिक्षण खरीफ फसल और एक प्रशिक्षण रबी फसल में कराने का लक्ष्य मिला था। लेकिन दोनों फसलों का समय लगभग खत्म होने वाला है और अभी तक 2025-26 के एक भी प्रशिक्षण की शुरूआत नहीं हुई है। फरवरी मार्च में इन प्रशिक्षणों के नाम पर फर्जी बिल वाउचर लगाकर राशि आहरित कर ली जाती लेकिन जांच फरवरी के पहले ही शुरू हो गई जिससे कृषि विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को यह दर्शाना पड़ा कि अभी तक प्रशिक्षण शुरू ही नहीं हुए हैं। जबकि अन्य सालों में प्रशिक्षण के नाम पर फर्जीवाड़ा होता रहा और उसी की जांच के लिए चार सदस्यीय टीम डेरा डाले हुए है। वर्ष 2025-26 में जो 90 रप्रशिक्षण का लक्ष्य मिला था उसमें छतरपुर विकासखण्ड 12, नौगांव विकासखण्ड 11, राजनगर विकासखण्ड 11, बिजावर विकासखण्ड 11, बडामलहरा विकासखण्ड 11, बकस्वाहा विकासखण्ड 11, लवकुशनगर विकासखण्ड 11 और गौरिहार विकासखण्ड में 11 प्रशिक्षण कराये जाने थे। चार सत्रों में एक प्रशिक्षण होना था और एक सत्र के लिए 3500 रूपये का प्रावधान था यानी चारों सत्रों के लिए 14 हजार रूपये का बजट शासन से प्राप्त हुआ था। इन प्रशिक्षणों के लिए शासन द्वारा जो बजट भेजा गया था वह राशि फर्म या संस्था के नाम पर भेजी जानी थी लेकिन कृषि विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों ने बिना प्रशिक्षण शुरू कराए अग्रिम राशि प्राप्त करने के लिए ट्रेजरी में बिल प्रस्तुत कर दिये लेकिन अग्रिम का कोई प्रावधान न होने के कारण बिल निरस्त कर दिये गये जिससे प्रशिक्षण से जुडे अधिकारियों और कर्मचारियों को अग्रिम राशि प्राप्त नहीं हो सकी और प्रशिक्षण का शुभारंभ इसीलिए नहीं दर्शाया गया क्योंकि अग्रिम राशि नहीं मिली थी।

**इनका कहना है -**

संचालक कृषि भोपाल के निर्देश पर चार सदस्यीय टीम जांच करने आई है अभी हम प्रशिक्षण से संबंधित सभी रिकॉर्ड विभाग से हासिल कर रहे हैं। और रिकॉर्ड मिलने के बाद फील्ड में जाकर सत्यापित करेंगे। सत्यापन के बाद जो भी निष्कर्ष निकलेगा उसी आधार पर जांच प्रतिवेदन बनाकर संचालक कृषि भोपाल सौंपेंगे। आज हमारी टीम की दो महिला सदस्य जांच करने बडामलहरा एवं बकस्वाहा के क्षेत्र में गयी हुई हैं।

**डी.एल. कोरी**
**संयुक्त संचालक कृषि, भोपाल**

# शराब के नशे में चाचा ने नाबालिग भतीजे पर किया जानलेवा हमला

### बचाव करने पहुंचे पुलिस आरक्षक पर भी परिजनों ने किया हमला, दोनों की हालत गंभीर



**छतरपुर। जिले के नौगांव थाना क्षेत्र के लुगासी गांव में शराब के नशे में चाचा द्वारा अपने नाबालिग भतीजे पर लाठी-डंडों से निर्मम हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है, जिसमें नाबालिग बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ ही बचाव के लिए पहुंचे लुगासी चौकी के आरक्षक जितेंद्र अहिरवार पर भी हमला किया गया, जिससे उनकी भी हालत गंभीर बनी हुई है।**

जानकारी के अनुसार आरोपी रवि अहिरवार शराब के नशे में अपने पिता महादेव अहिरवार और माता राजकुमारी के साथ घर में मारपीट कर रहा था। इस मारपीट की शिकायत लेकर माता-पिता लुगासी चौकी पहुंचे थे। शिकायत दर्ज होने के बाद जब वे अपने नाबालिग भतीजे के साथ घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में रवि अहिरवार ने उन पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। हमले में आरोपी ने नाबालिग के सिर पर कई बार डंडों से वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़ा। सूचना मिलते ही लुगासी चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घायल नाबालिग को तत्काल जिला अस्पताल छतरपुर पहुंचाया गया। बचाव कार्य के दौरान घटनास्थल पर मौजूद लुगासी चौकी के आरक्षक जितेंद्र अहिरवार को भी डंडों से गंभीर चोटें आईं, खासकर सिर में गहरी चोट लगी। दोनों घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मामले में तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी रवि अहिरवार के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# पैसे मांगना युवक को पड़ा भारी, हाथ-पैर तोड़े

## कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मारपीट का मामला

**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के बसारी दरवाजा स्थित नूरानी कॉलोनी में पैसे के लेन-देन को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने की वारदात ने इलाके में दहशत फैला दी है। घटना बीते दिनों रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है।



जानकारी के मुताबिक, मोहम्मद आरिफ अपने घर पर मौजूद थे। इसी दौरान पैसे के लेन-देन के विवाद में जॉनी दादा और बाबा मंसूरी उनके घर पहुंचे। आरोप है कि दोनों आरोपियों ने दोपहिया वाहन के लोहे के सॉकर और डंडों से मोहम्मद आरिफ पर बेरहमी से हमला कर दिया। हमले में आरिफ के दोनों हाथ टूट गए, पूरे शरीर पर गंभीर चोटें आईं और सिर में भी गहरी चोट लगने से उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

घटना के बाद घायल मोहम्मद आरिफ ने सिटी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों आरोपियों जॉनी दादा और बाबा मंसूरी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की गंभीर मारपीट संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी जांच में जुटे हैं।

हालांकि, घायल फरियादी मोहम्मद आरिफ मंसूरी ने आरोपियों के खिलाफ अभी तक कोई सख्त कार्रवाई न होने का आरोप लगाते हुए पुलिस प्रशासन से त्वरित न्याय और उचित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि हमलावरों की धमकियों के कारण इलाके में दहशत का माहौल है और उन्हें उचित सुरक्षा की भी आवश्यकता है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पेट्रोल पंप और नौकरी के झांसे में 58 लाख की ठगी

### यूपी का शातिर आरोपी अतुल पांडे सिविल लाइन पुलिस के हत्थे चढ़ा, अन्य लोगों से करीब 2 करोड़ की ठगी का खुलासा

**छतरपुर। जिले की सिविल लाइन थाना पुलिस ने पेट्रोल पंप दिलाने और नौकरी लगवाने का लालच देकर लाखों-करोड़ों की ठगी करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान अतुल पांडे के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के धनोरा गांव का निवासी है।**




पीड़ित अरुण सिंह राठौर ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी अतुल पांडे ने पेट्रोल पंप अलॉटमेंट का झांसा देकर उनसे करीब 58 लाख रुपये की ठगी की। आरोपी ने फर्जी दस्तावेज दिखाकर पीड़ित का विश्वास जीता और यह लालच भी दिया कि पीड़ित के परिवार के दो सदस्यों को पेट्रोल पंप में नौकरी दिलाई जाएगी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए सिविल लाइन थाना प्रभारी सतीश सिंह ने विशेष टीम गठित की। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए। आरोपी ने पेट्रोल पंप लगवाने के नाम पर तीन-चार अन्य लोगों से भी लगभग दो करोड़ रुपये की ठगी की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी से गहन पूछताछ जारी है। ठगी से जुड़े दस्तावेजों, अन्य पीड़ितों की तलाश और मामले की गहराई से जांच की जा रही है। पुलिस का मानना है कि जांच आगे बढने पर और बड़े खुलासे हो सकते हैं तथा संभवतः और भी पीड़ित सामने आ सकते हैं।

# मऊसानिया में भव्य हिंदू सम्मेलन सम्पन्न हिंदू एकता और राष्ट्र निर्माण पर जोर

**छतरपुर।** मऊसानिया स्थित महाराजा छत्रसाल शौर्य पीठ के खेल मैदान में एक भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के संयोजक अश्वनी रिछारिया ने बताया कि इस सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) महाकौशल प्रांत जबलपुर के प्रांत प्रचार प्रमुख विनोद दिनेश्वर (विनोद महेश्वर) ने मुख्य उद्बोधन दिया। मुख्य अतिथि के रूप में गुजरात से प्रसिद्ध कथावाचक संत नवल दास महाराज, सागर से पंडित धर्मेंद्र मिश्रा तथा समाजसेवी संध्या दुबे जी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं।

मुख्य वक्ता विनोद महेश्वर ने अपने उद्बोधन में महर्षि अरविंद के उद्धरण का स्मरण करते हुए कहा कि जिस देश के लोगों और संतों के मन में अतीत का गौरव, वर्तमान की पीड़ा और भविष्य के सपने होते हैं, वही देश स्वर्णिम काल रचता है। भारत कभी सोने की चिड़िया था, जिस पर अनेक आक्रांताओं की नजर रही। इस धरा पर महाराणा प्रताप, शिवाजी महाराज और बुंदेलखंड के वीर महाराजा छत्रसाल ने शौर्य से मुगलों को परास्त किया। ग्रीक, हूण, शक, यवन जैसे आक्रमणकारी भी सनातन हिंदू धर्म के आगे पराजित हुए।

1947 में स्वतंत्रता के बाद भी मूल समाज जागृत नहीं हुआ तो विश्व गुरु नहीं बन सकता। 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने हिंदुओं को संगठित करने के लिए आरएसएस की स्थापना की। अब




हम संघ की शताब्दी वर्ष पूर्ण कर 101वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने नारी सम्मान पर जोर देते हुए कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है, वही हिंदू और भारत है। नारी शक्ति को बचाना सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए। परिवार व्यवस्था पर षड्यंत्र चल रहा है, हम दो हमारे दो जैसी सोच को त्यागकर बड़े परिवार की परंपरा बचानी होगी। मोबाइल एक दिन बंद कर परिवार के साथ भोजन, विचार-विमर्श करें। स्वदेशी, जल संरक्षण, जैविक कृषि जैसे प्रयास अपनाकर भारत को परम वैभव पर स्थापित करना होगा।

गुजरात से पधारे संत नवल किशोर महाराज ने कहा कि हमारा जन्म केवल खाने-पीने के लिए नहीं, बल्कि हिंदू धर्म बढ़ाने के लिए हुआ है। राष्ट्र और धर्म सुरक्षित रहेंगे तो हम सुरक्षित रहेंगे। हिंदू एक रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे। कोई क्षत्रिय-ब्राह्मण नहीं, सब हिंदू हैं। शास्त्रों में कोई जाति नहीं बनाई गई। आरक्षण नहीं, धर्म रक्षा और हिंदू एकता चाहिए। बच्चों को एक हाथ में पुस्तक और दूसरे में शस्त्र होना चाहिए। शास्त्र और शस्त्र दोनों आवश्यक हैं।

सागर से आए आचार्य धर्मेंद्र मिश्रा ने कहा कि हिंदू भाई एक होकर रहें, तब कोई उंगली नहीं उठा सकेगा। धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म हमारी रक्षा करेगा। हम सब मनु-शतरूपा की संतान हैं। आरएसएस हिंदू राष्ट्र बनाने का संकल्प लिए हुए है।

मातृशक्ति संध्या दुबे ने कहा कि हम सब एक धागे में बंधे हैं। धरती माता ने एकता सिखाई है। आरएसएस ने भारत को गतिशीलता दी। माता-पिता आदर्श हिंदू परिवार बनाएं, बच्चों को धार्मिक ग्रंथ पढने, सुबह उठने, पर्यावरण संरक्षण, साफ-सफाई की प्रेरणा दें।

# सांस्कृतिक विरासत उत्सव में संजय मेहता का प्रभावशाली अभिनय, संत तुकाराम नाटक ने जीता दर्शकों का दिल

**छतरपुर।** शहर के ऑडिटोरियम में उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज एवं जिला प्रशासन छतरपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय सांस्कृतिक विरासत कला उत्सव के तीसरे दिन संत तुकाराम पर आधारित नाटक का भव्य मंचन किया गया। इस अवसर पर धुरंधर फिल्म के चर्चित अभिनेता संजय मेहता ने संत तुकाराम की भूमिका निभाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने सशक्त अभिनय से उन्होंने संत तुकाराम के त्याग, भक्ति और समाज सुधार के संदेश को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि न्यायाधीश विष्णु प्रसाद सोलंकी, विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव, प्रो. जे.पी. मिश्र (पूर्व कुलसचिव, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय), नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, समाजसेवी प्रेमनारायण मिश्रा और मनीष दोसाज द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। अतिथियों ने कलाकारों के प्रयासों की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को सांस्कृतिक विरासत संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

नाटक के दौरान संत तुकाराम के जीवन संघर्ष, सामाजिक कुरीतियों के विरोध और मानवता के संदेश को प्रभावशाली संवादों व भावपूर्ण अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। मंच सज्जा, प्रकाश व्यवस्था और संगीत ने नाटक को और भी प्रभावी बना दिया। ऑडिटोरियम में मौजूद दर्शक पूरे समय नाटक से जुड़े रहे और अंत में तालियों की गूंज के साथ कलाकारों का



उत्साहवर्धन किया।

### इन्होंने निभाई भूमिका

नाटक संत तुकाराम में प्रमुख भूमिका में जहां स्वयं निर्देशक संजय मेहता थे तो वहीं उनकी पत्नी की प्रभावशाली भूमिका वरिष्ठ रंगकर्मी रंजना तिवारी ने निभाई। अन्य सहयोगी कलाकारों में मोहम्मद फ़ैज़ान, चित्रांश कुमार, ग्रीक चंडालिया, रूपेश तिवारी, प्रेम सुरवाडे, विश्वेश कवर्शे, प्रेमप्रकाश अष्ठाना, अंकिता पाल, गायत्री निगम आदि मौजूद रहे। रूप सज्जा सीमा मौरे की थी तो वहीं संगीत संजय मेहता और जमीर हुसैन का था। संगीत संचालन प्रिंस मलिक,नीरज प्रजापति ने किया। इस नाटक में गीत आदित्य शर्मा ने लिखे थे तो वहीं संत तुकाराम के अभंगों का प्रयोग भी खूबसूरती से किया गया।नाटक का लेखन और निर्देशन संजय मेहता का था। सांस्कृतिक विरासत उत्सव का यह दिन कला, संस्कृति और आध्यात्मिकता के अद्भुत संगम के रूप में यादगार बन गया।

# ट्रॉफिक पार्क का आईजी एवं विधायक ने किया शुभारंभ

### आईजी ने बच्चों से कहा बिना हेलमेट के घर के सदस्यों को वाहन न चलाने दें

**छतरपुर।** यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार और सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से छतरपुर के यातायात थाने में ट्रॉफिक पार्क का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। यह कार्यक्रम आईजी हिमानी खन्ना एवं छतरपुर विधायक ललिता यादव की मौजूदगी में रिबिन काटकर संपन्न हुआ।

ट्रॉफिक पार्क का मुख्य उद्देश्य बच्चों को खेल-खेल में यातायात के नियम सिखाना है, ताकि वे छोटी उम्र से ही सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक हो सकें। कार्यक्रम यातायात थाने के हॉल में आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, स्कूली बच्चे और पुलिस बल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में ट्रॉफिक पार्क निर्माण में सहयोग देने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में राहवीर योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले तीन युवाओं को भी सम्मानित किया गया। सकूर चच्चा का भी यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार के लिए विशेष सम्मान किया गया। पेंटिंग के माध्यम से यातायात नियमों को दीवारों पर उकेरने वाले छात्र-छात्राओं तथा हेलमेट बैंक में हेलमेट दान करने वाले व्यापारी संगठन को भी सम्मानित किया गया।



आईजी हिमानी खन्ना ने अपने संबोधन में कहा कि पहले ट्रॉफिक पार्क बड़े शहरों तक सीमित थे, लेकिन एसपी छतरपुर के प्रयास से अब यहां भी यह सुविधा उपलब्ध हो गई है, जो छतरपुर को एक बड़े शहर के रूप में स्थापित करता है। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का पालन न करने से सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं और मौतें होती हैं। उपस्थित स्कूली बच्चों से उन्होंने अपील की कि वे ठान लें कि घर से निकलते समय उनके पिता, भाई-बहन हेलमेट लगाकर चलें, ताकि परिवार के सदस्य सुरक्षित रहें।

### विधायक ने किया वादा सीट बेल्ट लगाकर चलेंगी

विधायक ललिता यादव ने यातायात प्रभारी के रचनात्मक कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने आईजी एवं पुलिसकर्मियों के समक्ष वादा किया कि वह अपने वाहन में सीट बेल्ट लगाकर चलेंगी। एसपी अगम जैन ने कहा कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है। उन्होंने यातायात टीम, पीडब्ल्यूडी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना की।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, डीआईजी विजय कुमार खत्री, पन्ना एसपी निवेदिता नायडू, एएसपी आदित्य पटले, शहर के थाना प्रभारी अरविंद दांगी, दीपक यादव, यातायात थाना प्रभारी बृहस्पति साकेत, पूर्व जनपद अध्यक्ष मोनू यादव सहित अन्य अधिकारी एवं नागरिक मौजूद रहे।

# एनटीपीसी विंध्याचल में कोर वैल्यू 'इन्नोवेशन एवं लर्निंग' पर प्रेरणादायी सत्र संपन्न

**सिंगरौली।** आरएलआई विंध्याचल द्वारा वरिष्ठ नेतृत्व एवं वरिष्ठ अधिकारियों के लिए "इन्नोवेशन एवं लर्निंग'" विषय पर एक प्रेरणादायी कोर वैल्यू टॉक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एनटीपीसी की सतत सीखने, अनुकूलनशीलता तथा नवाचार आधारित उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ करने वाला रहा।

सत्र का उद्घाटन श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) द्वारा किया गया। उन्होंने एनटीपीसी के पूर्व कार्यकारी निदेशक श्री अशेष कुमार मुखर्जी का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा वरिष्ठ प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत की।



अपने संबोधन में श्री साहा ने विंध्याचल आगमन पर श्री मुखर्जी के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की और जनवरी माह को "इन्नोवेशन एवं लर्निंग" के लिए कोर वैल्यू माह के रूप में मनाने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच एनटीपीसी के मूल्यों को दैनिक कार्यशैली एवं नेतृत्व व्यवहार में समाहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा नवाचार-प्रेरित विकास हेतु सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करते हैं।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण श्री अशेष कुमार मुखर्जी का प्रेरक संबोधन रहा। उन्होंने एनटीपीसी में अपने दीर्घ एवं समृद्ध अनुभवों के आधार पर परिवर्तन को अपनाने, जिज्ञासा को बढ़ावा देने तथा संस्थागत सीख को मजबूत करने पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। उनके विचारों ने उपस्थित नेतृत्व को गहराई से प्रेरित किया और नवाचार को अपने-अपने क्षेत्रों में आगे बढ़ाने हेतु उत्साहित किया।

इस अवसर पर श्री माणिक्यन सुरेश, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं एडीएम), डॉ. बिनोद कुमार भराली, महाप्रबंधक(चिकित्सा सेवाएं), श्री देबब्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक(तकनीकी एवं सेवाएँ व परियोजनाएं), श्रीमती रुमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) तथा डॉ. देबास्मिता त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष(आरएलआई) सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन श्री केशव ठाकुर, उप महाप्रबंधक (आरएलआई) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने श्री साहा के मार्गदर्शन एवं समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया तथा श्री अशेष कुमार मुखर्जी को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणास्पद संवाद हेतु धन्यवाद दिया। साथ ही वरिष्ठ नेतृत्व की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कार्यक्रम को प्रभावशाली एवं सार्थक बताया।

